भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 713

उत्तर देने की तारीख 21 नवम्बर, 2019

30 कार्तिक, 1941 (शक)

राष्ट्रीय खेल अकादमी

713. श्री दीपक बैजः

श्री रोड़मल नागरः

श्री जनार्दन मिश्रः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में जिला स्तर पर खेल अकादमी स्थापित करने के लिए कोई योजना तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को समुचित अकादमिक प्रशिक्षण और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) छत्तीसगढ़ में कितनी राष्ट्रीय खेल अकादमियां हैं;

(घ) क्या सरकार छत्तीसगढ़ के विशेषकर नक्सली क्षेत्रों में खेल कार्यकलापों को बढ़ावा देने और शिक्षा में खेल संबंधी कार्यकलाप शामिल करने के किसी प्रस्ताव पर विचार कर रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) और (ख) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण अकादमियों सहित खेल सुविधाएं प्रदान करने की जिम्मेवारी राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है । केंद्र सरकार राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के प्रयासों को बढ़ावा देती है । सरकार ने देश में जिला स्तर पर खेल अकादमी स्थापित करने की कोई स्कीम तैयार नहीं की है । तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के राष्ट्रीय/ क्षेत्रीय/ राज्य खेल अकादमी को सहायता के घटक के अंतर्गत प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रशिक्षण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कुल 99 खेल अकादमियां (32 साई और 67 गैर साई) को प्रत्यायित किया गया है । इन अकादमियों में 1388 खेलो इंडिया

एथलीट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । इसके साथ ही खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण के पास 21 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र तथा 69 भाखेप्रा प्रशिक्षण केंद्र हैं ।

(ग) छत्तीसगढ़ में कोई राष्ट्रीय खेल अकादमी नहीं है । तथापि, बिलासपुर में एक खेलो इंडिया प्रत्यायित खेल अकादमी नामत: छत्तीसगढ़ खेल अकादमी, फेंसिंग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रही है । इसके साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण ने छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर और राजनंदगांव में दो भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं । वर्तमान में, इन केंद्रों में तीरंदाजी, बैडमिंटन, फुटबॉल, जूडो, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और हॉकी खेल विधा में 103 (50 लड़के और 53 लड़कियां) प्रशिक्षु हैं ।

(घ) और (ङ) : आना खेलो इंडिया स्कीम के शांति और विकास हेतु खेल के घटक के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को 2018-19 के दौरान गृह मंत्रालय द्वारा अभिज्ञात जिलों के वामपंथ उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में खेल कार्यकलाप आयोजित करने के लिए 80.00 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई । छत्तीसगढ़ सरकार सहित सभी राज्य सरकारों से अनुरोध किया गया है कि वह फिट इंडिया स्कूल रैंकिंग सिस्टम जिसमें सभी विद्यार्थियों के खेलों में दैनिक प्रतिभागिता कि आवश्यकता पर बल दिया गया है, हेतु अधिकतम स्कूलों को जानकारी/ प्रोत्साहन प्रदान करें ।

****